हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 26 जनवरी 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 आज इलाके भर में उत्साह के साथ मनाया जाएगा...



07 साइबर बुलिंग, स्टॉकिंग, फिसिंग, स्लेबरी की...



## प्रभारी मंत्री आज ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



आज होने वाले गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस ग्राउंड में जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। उक्त कार्यक्रम पुलिस परेड ग्राउण्ड पर आयोजित किया जाएगा। सुबह 8.59 बजे मुख्य अतिथि का आगमन होगा। 9 बजे ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान, सुबह 9.05 बजे परेड का निरीक्षण होगा। 9.10 बजे मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। 9.25 बजे मार्च पास्ट, 9.35 बजे से छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां, प्रातः 10.10 बजे से झांकियों का प्रदर्शन तत्पश्चात पुरस्कारों का वितरणकिया जाएगा। प्रभारी मंत्री लखन पटेल गणतंत्र दिवस पर आयोजित विशेष मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डंडापुरा में आयोजित किया गया है।

प्रभारी मंत्री का 8 बजे विदिशा सर्किट हाउस में आगमन इसके बाद 8.30 बजे नीमताल के लिए प्रस्थान कर यहां गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण,और 8.50 बजे शौर्य स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पण के बाद मुख्य कार्यक्रम में पहुंचेंगे।

### भारत पर्व आज

गणतंत्र दिवस की संध्या पर भारत पर्व का आयोजन रविन्द्रनाथ टैगौर सांस्कृतिक भवन (ऑडिटोरियम) में किया जाएगा। कार्यक्रम में सांस्कृतिक विभाग से अनुबंधित कलाकारों के साथ जिले के स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से देशभक्ति और सांस्कृतिक रंग बिखेरेंगे। आयोजन स्थल पर जनसम्पर्क विभाग द्वारा छाया प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।

## 2.50 लाख की ब्राउन शुगर सहित 3 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन, एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे और सीएसपी अतुल सिंह के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की है। थाना कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सांची रोड स्थित बेस नदी पुल के पास कुछ लोग अवैध मादक पदार्थ की तस्करी की तैयारी में खड़े हैं।

सूचना की पुष्टि के बाद पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर दबिश दी और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से लगभग 25 ग्राम ब्राउन शुगर, जिसकी अनुमानित कीमत 2.50 लाख है, तथा एक मोटर साइकिल जिसकी कीमत करीब 80 हजार बताई जा रही है, बरामद की गई। इस प्रकार कुल जब्त मशरूका की कीमत 3.30 लाख आंकी गई है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर आगे की विवेचना शुरू कर दी है। गिरफ्तार आरोपियों में रामप्रसाद तंवर, राजू सोनी और हरिओम तंवर शामिल हैं।

### विशेष ग्रामसभा का आयोजन आज

**विदिशा।** जिले की सभी 577 ग्राम पंचायतों में आज विशेष ग्रामसभाओं का आयोजन किया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोड़िया ने बताया कि हरेक ग्राम पंचायत में ग्रामसभा में ग्रामीणों की सहभागिता होने के प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। प्रत्येक ग्राम पंचायत के लिए एक-एक नोडल अधिकारी जिलास्तर से नियुक्त किया गया है।

### कार ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर

**विदिशा।** रामद्वारा ओवरब्रिज के नीचे रविवार को एक अज्ञात कार स्कूटी सवार को टक्कर मार कर फरार हो गई। घटना की जानकारी लगते ही आसरा टीम के संस्थापक आदर्श तिवारी और राजा यादव मोके पर पहुंचे और 108 के माध्यम से घायल हिमांशु लोधी को जिला चिकित्सालय भेजा गया।

## ढोलखेड़ी चौराहे की 2 किराना दुकानों में लाखों रुपए की चोरी, टीन की चादर काटकर घुसे चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

ढोलखेड़ी चौराहे पर शनिवार-रविवार की दरमियानी रात दो किराना दुकानों में चोरी हो गई। अज्ञात चोरों ने दुकानों के पीछे लगी टीन की चादर काटकर प्रवेश किया और लाखों रुपए का सामान चुराकर फरार हो गए।

बामनखेड़ा निवासी राजमोहन दुबे (मंटू) की थोक किराना दुकान को निशाना बनाया गया। चोरों ने सुपारी का एक बोरा, राजश्री के तीन बोरे, तेल के केन, काजू, बादाम, किशमिश और अन्य कीमती किराना सामग्री चुरा ली। दुकानदार के अनुसार, चोरी हुए माल की कीमत लगभग 5 लाख रुपए है। इससे लगी धाकड़ किराना दुकान में भी चोरी हुई। यहां से तेल के केन, शक्कर की



बोरियां और अन्य किराना सामान चुराया गया। चोरी का पता तब चला जब सुबह दुकानदारों ने अपनी दुकानें खोलीं।

उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस और ढोलखेड़ी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। ढोलखेड़ी चौकी प्रभारी इंदर सिंह ने बताया कि चौराहे पर स्थित दो दुकानों में चोरी की वारदात हुई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है और मामले की जांच जारी है। उन्होंने कहा कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों ने क्षेत्र में रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।

### खरेरा धाम में श्रीमद्भागवत कथा व रुद्र यज्ञ का समापन

**ग्यारसपुर।** ग्राम पंचायत पिपरिया पाराशर के अंतर्गत खरेरा धाम में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एवं रुद्र यज्ञ का श्रद्धा और उत्साह के साथ समापन हुआ। समापन में 84 गांवों सहित आसपास के हजारों श्रद्धालु पहुंचे।









## खबर संक्षेप

### आज रहेगा शुष्क दिवस

**गंजबासौदा।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी सोमवार को जिले में शुष्क दिवस घोषित करने का आदेश कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अंशुल गुप्ता के द्वारा जारी किया गया है। जारी आदेश में उल्लेख है कि गणतंत्र दिवस पर जिले की समस्त देशी, विदेशी मदिरा दुकानों से मदिरा विक्रय एवं मद्य भण्डागारो से मदिरा परिवहन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। संबंधितों को जारी आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने की हिदायत दी गई है।

### कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में होगा ध्वजारोहण

**गंजबासौदा।** गणतंत्र दिवस पर सोमवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया जाऐगा। जिसमें प्रातः 8 बजे गांधी चौक, 8:15 पुराना मेला ग्राउंड कार्यालय पर, 8:30 बजे इंदिरा गांधी भवन नौलखी मंदिर के पीछे मील रोड पर ध्वजारोहण किया जाएगा। जिसके उपरांत जीतू पटवारी के संदेश का वाचन किया जाएगा। इसके पश्चात अंबेडकर चौक पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। जिसमें सभी कांग्रेसजनों से उपस्थित होने की अपील की गई है।

### माघ मास की बड़ी छठ पर निकली ध्वज यात्रा



**गंजबासौदा।** नगर में बड़ी छठ के पावन अवसर पर डीजे व ढोल नगाड़ों की गूंज के साथ भव्य ध्वज यात्रा निकाली गई। इस धार्मिक यात्रा में पालकी में विराजमान भैरव महाराज की तस्वीर के साथ बड़ी संख्या में नागरिकों एवं महिलाओं ने श्रद्धापूर्वक यात्रा में सहभागिता की। नौलखी मंदिर से निकली ध्वज यात्रा नगर के प्रमुख चौक चौराहों से होती हुई लाल पठार क्षेत्र पहुंची। जहां भव्य आयोजन के अंतर्गत श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी का वितरण किया गया। आयोजन शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूरे नगर में धार्मिक उत्साह और भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। वहीं डीजे व ढोल की धुनों पर श्रद्धालु भक्ति में रमे नजर आए।

### गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह लाल परेड में होगा आयोजित

# आज इलाके भर में उत्साह के साथ मनाया जाएगा 77वां गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





सोमवार को इलाके भर में गणतंत्र दिवस का पर्व उत्साह के साथ मनाया जाऐगा। जिसकी प्रशासन द्वारा तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। खण्ड स्तरीय कार्यक्रम लाल परेड ग्राउण्ड में आयोजित होगा। जिसके लिए लाल परेड ग्राउण्ड पर चूने की लाइन डालकर परिसर को तैयार कर लिया गया है। वहीं नवांकुर विद्यापीठ में मुख्य आयोजन में प्रस्तुत किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रिहर्सल भी कराई गई।

अब सोमवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुबह 9 बजे लाल परेड ग्राउण्ड में अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण किया जाऐगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक हरिसिंह रघुवंशी करेंगे। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र रघुवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव विशेष अतिथि के रुप में उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा प्रशासनिक अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहेंगे। ध्वाजारोहण के बाद विभिन्न शासकीय, अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम के समापन पर कार्यक्रम के प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया जाऐगा। गणतंत्र दिवस के चलते प्रमुख स्थलों को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है। जयस्तंभ चौक, नेहरू चौक, अंबेडकर चौक और सुभाष चौक सहित सभी प्रमुख चौराहों पर विशेष विद्युत सजावट की गई है। मुख्य समारोह स्थल तहसील स्थित लाल परेड ग्राउंड को भी सजाया गया है। जहां ध्वजारोहण कार्यक्रम होगा। इसी के साथ विभिन्न शासकीय अशासकीय विद्यालयों, संस्थाओं सहित नगर पालिका, जनपद पंचायत कार्यालय, उपजेल, शासकीय अस्पताल, रेलवे स्टेशन, ग्राम पंचायत मुख्यालयों सहित सभी विभागीय कार्यालयों पर ध्वजारोहण किया जाएगा।

## दीक्षांत समारोह के दौरान राजनंदनी ने जीता स्वर्ण पदक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ग्राम मसूदपुर निवासी ठाकुर राम सिंह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं पूर्व विधायक की पोती व शिव मोहन सिंह दीप्ती राजा की पुत्री राजनंदिनी सिंह ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। कोटा विश्वविद्यालय के हाल ही में आयोजित दीक्षांत समारोह में राजनंदनी सिंह ने एलएलएम परीक्षा में विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। राजनंदनी की इस गौरवशाली उपलब्धि पर राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने उन्हें पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। राज्यपाल ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुऐ समाज में न्याय की भूमिका को सशक्त करने के लिये प्रोत्साहित किया। राजनंदनी की इस सफलता से उनके परिवार और शुभ चिंतकों में हर्ष का माहौल है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के मार्गदर्शन और कठिन परिश्रम को दिया है। परिजनों का कहना है कि राजनंदनी ने न केवल परिवार का मान बढ़ाया है,बल्कि अन्य बालिकाओं के लिये भी एक मिसाल पेश की है।

## हनुमान चालीसा पाठ का 113वां चरण संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

हिंदू चेतना सेवा समिति द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान एवं युवाओं को धर्म और आध्यात्म से जोड़ने के उद्देश्य से हनुमान चालीसा पाठ का 113 वां चरण एक मैरेज गार्डन में भक्तिमय एवं धर्ममय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समिति सदस्यों के साथ मोहल्ले के अनेक युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समिति अध्यक्ष राकेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि समिति के निरंतर चल रहे अभियान से प्रेरित होकर चार नए युवाओं ने समिति की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने कहा कि यह अभियान समाज में सकारात्मक बदलाव लाने हेतु निरंतर जारी रहेगा। शैलेंद्र सक्सेना ने समिति की प्रशंसा की और समिति के प्रति आभार व्यक्त किया। हनुमान चालीसा पाठ में विशाल सेन, हरिओम रघुवंशी, अर्णव रघुवंशी, रवि रघुवंशी, नरेंद्र राय, जसवंत सिंह राजपूत, दीपक रघुवंशी, धर्मेंद्र कुशवाहा, जगदीश कुमार कुशवाहा, मनोज कुमार सेन, गजराज राय, अंशुल सेन, मयंक लोधी, अमर सिंह सोलंकी, मनोज कुमार चौबे, बबलू त्रिपाठी, अरविंद सिंह यादव, जितेंद्र यादव, सौरभ कुर्मी, शिव नारायण सक्सेना, मुकेश रिछारिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## यातायात पुलिस ने चलाया वाहन चैकिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



यातायात पुलिस ने रविवार को शाम के समय भावसार पुलिया, बरेठ रोड पर विशेष जांच अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई की गई। जिसमें तीन नाबालिग वाहन चालक भी पकड़े गए। अभियान के तहत पुलिस ने मुख्य मार्ग पर वाहनों की जांच की। कई वाहन चालक पुलिस को देखकर गलियों से भागते भी नजर आए। जांच के दौरान, तीन ऐसे बाइक चालक मिले जिनकी उम्र 18 वर्ष से कम थी। यातायात पुलिस कर्मचारियों ने उन्हें रोककर गाड़ी के कागजात मांगे और उनकी उम्र पूछी, जिससे उनके नाबालिग होने का पता चला। नाबालिग चालकों के पकड़े जाने पर, यातायात पुलिस ने तत्काल उनके परिजनों से संपर्क किया। परिजनों को बच्चों को वाहन न चलाने देने की समझाइश दी गई। पुलिस ने उन्हें बताया कि 18 वर्ष से अधिक उम्र होने पर नियमानुसार ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के बाद ही बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति दें। इसी अभियान के तहत, बिना नंबर के वाहनों को भी पकड़ा गया। साथ ही, बिना हेलमेट और तीन सवारी बैठाकर जा रहे दोपहिया वाहनों पर भी पुलिस ने कार्रवाई की। यातायात पुलिस निरीक्षक निरपत सिंह लोधी ने बताया कि नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने देने के संबंध में उनके परिजनों को समझाइश दी गई है। उन्होंने अपील की कि यातायात नियमों का पालन करें और ड्राइविंग लाइसेंस बनने के बाद ही वाहन चलाएं। अभियान में अब तक छह वाहनों पर चालान की कार्रवाई कर 1800 रुपये की राशि वसूल की गई है।

## भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की जन्म जयंती मना कर श्रद्धांजलि की अर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की जन्म जयंती सेन समाज ने श्रद्धापूर्वक मना कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी लालजी राम सेन घटेरा, राम प्रसाद सेन, सत्यप्रकाश सेन, घासीराम सेन ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। आयोजन में डा. सुमेर सिंह सेन जिलाध्यक्ष सेन समाज विकास, धनश्याम सेन, रामबाबू सेन, राहुल सेन, मदन सेन, शिवनारायन सेन, सोनू सेन, मनीष सेन, शिवा लीलाधर सेन आदि उपस्थित थे।

### टूर्नामेंट में रविवार को हुए तीन मैच

**गंजबासौदा।** विधायक कप क्रिकेट टूर्नामेंट में पहला मैच फैशन प्वाइंट और श्री बालाजी 11 के बीच खेला गया। जिसमें बालाजी 11 ने 6 विकेट से जीत दर्ज की। दूसरा मैच परवेज इंटरप्राइजेज और आर्यन स्टोन के बीच हुआ। जिसमें परवेज इंटरप्राइजेज 5 रन से विजय रही। तीसरा मैच श्री बिहारी जी इंटरप्राइजेज और भाविक सुपर स्टार के बीच हुआ। जिसमें श्री बिहारी जी इंटरप्राइजेज 5 रन से विजय रही। इस दौरान मैचों का आनंद लेने के लिए तारण तरण जैन पाठशाला में बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।

## बेतवा रिपटा घाट पर श्रमदान दल का 16वां चरण संपन्न





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नदी केवल जल की धारा नहीं, बल्कि राष्ट्र की सांस्कृतिक चेतना, सभ्यता और जीवन-प्रणाली का आधार है। जिस प्रकार गणतंत्र हमें अधिकारों के साथ कर्तव्यों की याद दिलाता है, उसी प्रकार नदी हमें प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारियों का बोध कराती है। इसी भाव के साथ गणतंत्र दिवस के एक दिन पूर्व साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 का 16वाँ चरण पूर्ण प्रतिबद्धता, अनुशासन और सामाजिक चेतना के साथ संपन्न हुआ। सुबह के शांत वातावरण में श्रमदान दल के सदस्य घाट एवं नदी तट पर एकत्र हुए और स्वच्छता कार्य में जुट गए। यह केवल सफाई का कार्य नहीं , बल्कि उस नागरिक कर्तव्य का जीवंत उदाहरण है, जिसमें व्यक्ति अपने समय और श्रम को समाज व पर्यावरण के हित में समर्पित करता है। 16 वे चरण के दौरान नदी एवं घाट क्षेत्र से बड़ी मात्रा में पूजन-सामग्री, प्लास्टिक, पॉलीथिन, बोतलें तथा अन्य अपशिष्ट कचरा एकत्र किया गया। श्रद्धा के नाम पर नदी में प्रवाहित की जाने वाली सामग्री और दैनिक उपयोग से उत्पन्न प्लास्टिक कचरा नदी की स्वच्छता, जलीय जीवन और मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। श्रमदान दल द्वारा एकत्रित कचरे को निर्धारित स्थान पर सुरक्षित रूप से रखा गया, ताकि उसको नगर पालिका के सहयोग से पर्यावरण-सम्मत निपटान सुनिश्चित किया जा सके। यह कार्य यह संदेश देता है कि श्रद्धा तभी सार्थक है, जब उसमें प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता भी शामिल हो।श्रमदान दल ने सभी नागरिकों से नदी संरक्षण के इस कार्य में सहयोग की अपील की है।

## आचार्य श्री के समाधि दिवस पर विशाल रक्तदान शिविर कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



संत शिरोमणि आचार्य भगवन गुरुदेव श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज के द्वितीय समाधि दिवस की स्मृति में विशाल रक्त दान शिविर 27 जनवरी को मानस भवन पुराना मेला ग्राउंड में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक हरिसिंह रघुवंशी, विशिष्ट अतिथि नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेन्द्र रघुवंशी, पूर्व विधायक निशंक कुमार जैन होंगे। आयोजन समिति अभय सेना के पुण्यार्जक परिवार ममता जैन, सारिका संजय कुमार, सोनम अमित जैन, नरेश, मोनिका अंकुर, आस्था निखिल, अंश, रियांश जैन ने सकल जैन समाज कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। यहां उल्लेखनीय है कि इस रक्तदान शिविर में अभय सेना के सदस्यों और जैन समाज के लोगों ने सैकडों यूनिट रक्तदान का संकल्प लिया है और यह रक्त विदिशा ब्लड बैंक, मेडीकल कॉलेज और अन्य अस्पतालों में मरीजों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। आयोजन समिति ने सकल जैन समाज के नागरिकों एवं अन्य गणमान्य नागरिकों से भी रक्तदान शिविर में आकर अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील की है। ताकि जरूरतमंदों को आपके रक्तदान से जीवनदान मिल सके।

## मंगलवार को हो सकती है मावठे की बारिश रबी फसलों को होगा फायदा



**गंजबासौदा।** उत्तर भारत में हो रही बर्फबारी का असर इलाके में भी नजर आ रहा है और पिछले दो दिनों से शीतलहर के चलते तापमान में गिरावट आ गई है। साथ ही कोहरा भी छाने लगा है। अब मौसम विभाग ने आगामी 27 जनवरी मंगलवार को इलाके में मावठा बरसने के भी संकेत दिए हैं। जिससे फसलों को काफी राहत मिल जाएगी।

यहां उल्लेखनीय है कि इस वर्ष सर्दी तो फसलों के अनुकूल पड रही है, लेकिन मावठा न बरसने से असिंचित क्षेत्रों के किसान मायूस हो रहे थे। उधर पिछले दिनों तापमान में उछाल आने और धूप तेज होने से फसलों की वृद्धि और उपज को लेकर किसान चिंतित हो उठे थे। किसानों का कहना था कि मान्यता के अनुसार संक्रांति के बाद से सर्दी का असर दिन प्रतिदिन कम होने लगता है, लेकिन इस बार तो संक्रांति के बाद से एकदम से सर्दी कम होने लगी थी, जिससे चिंता बढ गई थी। इस बीच आसमान पर छा रहे बादलों से मावठे की उम्मीद बंध गई थी। हांलाकि दो दिन पहले से उत्तर भारत में हो रही जबरदस्त बर्फबारी ने मौसम का मिजाज फिर से बदल दिया है और इलाके में भी शीतलहर, कोहरा और कंपकंपाती ठंड का दौर शुरू हो गया है। जिससे किसानों को राहत मिल गई है। अब मंगलवार को मावठे के संकेत भी हैं। जिससे किसानों को दोहरी खुशी मिल सकती है।

मंगलवार को इलाके में मावठे की बारिश हो सकती है। इसके बाद सर्दी का दौर बना रहेगा और आगामी 6 फरवरी तक न्यूनतम तापमान 11 डिग्री और अधिकतम तापतान 23 डिग्री सेल्सियश तक बना रहेगा, जो फसलों के लिए लाभकारी रहेगा।

### 14 वर्षीय नाबालिग बालिका को परिजनों को सौंपा

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में जिले भर में अपहृत एवं गुमशुदा बालक बालिकाओं की शीघ्र दस्तयाबी हेतु आपरेशन मुस्कान अभियान प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में थाना शहर पुलिस को एक नाबालिग बालिका की दस्तयाबी में सफलता प्राप्त हुई। फरियादी द्वारा थाना शहर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी नाबालिग पुत्री उम्र 14 वर्ष को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाया गया है। जिस पर सिटी थाना पुलिस ने धारा 137(2) बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी शहर संजय वेदिया के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर सतत पतारसी की गई। नाबालिग बालिका को रेल्वे स्टेशन गंजबासौदा से सकुशल दस्तयाब किया गया। तत्पश्चात न्यायालय में कथन कराए जाकर बालिका को विधिवत रूप से उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। कार्रवाई में निरीक्षक संजय वेदिया, उपनिरीक्षक सियाराम शर्मा, आरक्षक सुरजीत, महिला आरक्षक द्रोपती एवं महिला आरक्षक शिवानी की सराहनीय भूमिका रही।

### पचमा बायपास मार्ग पर प्रतिदिन लग रहा जाम



**गंजबासौदा।** पचमा बायपास प्रवेश मार्ग पर रोजाना लगने वाले ट्रैफिक जाम से शहरवासी परेशान हैं। जिम्मेदार विभाग अब तक इसका स्थायी हल नहीं निकाल पाए हैं। जैसे ही त्योंदा रोड की ओर से कोई भारी ट्रक बायपास में प्रवेश करता है और सामने से दूसरा ट्रक आ जाता है, चौराहे पर जाम लग जाता है। दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। लोग देर तक जाम में फंसे रहते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क के दोनों ओर हाई टेंशन लाइन के खंभे और नाली बनी है, इससे मार्ग संकरा हो गया है। जिसके चलते आए दिन जाम की स्थिति निर्मित हो रही है।



खबर संक्षेप

## पीएमश्री नवोदय विद्यालय में एनसीसी 'ए' सर्टिफिकेट परीक्षा हुई आयोजित



**बाड़ी।** पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय, नारदखेड़ा में रविवार को एनसीसी 'ए' सर्टिफिकेट प्रमाण-पत्र परीक्षा का आयोजन शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से किया। परीक्षा में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के 173 पंजीकृत एनसीसी कैडेट्स में से 168 कैडेट्स उपस्थित रहे, जबकि 5 कैडेट्स अनुपस्थित पाए गए। परीक्षा में शासकीय सांदीपनि विद्यालय, बाड़ी के 45 कैडेट्स, जवाहर नवोदय विद्यालय के 27 कैडेट्स, शासकीय बालक उमावि, बरेली के 44 कैडेट्स तथा शासकीय सांदीपनि विद्यालय, उदयपुरा के 49 कैडेट्स परीक्षा में सहभागिता की। निर्धारित समय पर परीक्षा प्रक्रिया प्रारंभ की गई, जिसमें कैडेट्स ने एकता और अनुशासन का परिचय देते हुए समयपालन का परिचय दिया। पहले चरण में कैडेट्स की लिखित परीक्षा आयोजित की गई। इसके पश्चात वेपन ट्रेनिंग, ड्रिल टेस्ट, फील्ड क्राफ्ट एवं बैटल क्राफ्ट तथा मैप रीडिंग से संबंधित प्रायोगिक परीक्षण लिए गए। कैडेट्स ने प्रशिक्षण के दौरान सीखे गए कौशल का प्रभावी प्रदर्शन किया। परीक्षा संचालन हेतु 12 एमपी एनसीसी बटालियन, भोपाल से नायब सूबेदार प्रवीण जाधव एवं हवलदार चमनलाल उपस्थित रहे। उनके साथ एनसीसी अधिकारी एफ.आर मालवीय, एस/ओ मनोज धाकड़ एवं केयरटेकर मुकेश गोस्वामी सहित सभी स्टाफ परीक्षा संपन्न कराई।

## जिले के अनेक ग्रामों में पहुंचा कृषि रथ, किसानों को किया जागरुक

सीहोर। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार कृषि वर्ष 2026 के तहत किसानों को कृषि से जुड़ी नवीन तकनीक, योजनाओं एवं नवाचारों की जानकारी देने के उद्देश्य से प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले में भी कृषि रथ संचालित किया जा रहा है। कृषि रथ के माध्यम से किसानों को जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, उन्नत बीज एवं कीट-रोग प्रबंधन, फसल विविधीकरण, कृषि आधारित उद्यमिता, ई-तकनीक से जुड़ी योजनाएं तथा पराली प्रबंधन जैसी जानकारियां दी जा रही है।

### प्रभारी मंत्री ने जनपदीय अधिकारियों के साथ की विकास की समीक्षा

# सीएम डैशबोर्ड की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जनपद की 68 योजनाओं को मिला ए ग्रेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



राज्यमंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज उप्र जनपद प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को शासन की मंशा के अनुरुप कार्य करने के सख्त निर्देश दिये।

वहीं उन्होंने बैठक में एआरटीओ, युवा कल्याण अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत पवन गुप्ता, पीडी सीएनडीएस सहित अन्य अनुपस्थित अधिकारियों का एक दिन का वेतन रोका और एआरटीओ के स्थापन पर पीटीओ लिली चौधरी द्वारा हस्ताक्षर करने पर उनको नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि बैठक को गंभीरता से न लेने वाले अधिकारियों को चिन्हित किया जाएगा और मुख्यमंत्री को अवगत कराया जाएगा। बैठक के प्रारंभ में प्रभारी मंत्री ने जनपद के दूरस्त थाना मदनपुर के नवीन भवन का वर्चुअल माध्यम से बटन दबाकर उद्घाटन किया और वहां की स्थानीय जनता को सम्बोधित किया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि आगामी माह में मुख्यमंत्री का भ्रमण जनपद में सम्भावित है, जिसके दृष्टिगत सभी विभाग अपनी अपनी योजनाओं और विकास कार्यों को पूर्ण कर लें और सभी विभाग अनिवार्य रुप से विकास कार्यों के लोकार्पण व शिलान्यास की सूचना दो दिन के भीतर मुख्य विकास अधिकारी को उपलब्ध करा दें।

### रैंकिंग में टॉप टेन में अपना स्थान बनाये हुए है

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि सीएम डैशबोर्ड की प्रदेश स्तरीय रैंकिंक में जनपद के 68 योजनाओं को ए ग्रेड मिला है, जिससे प्रदेश की रैंकिंग में टॉप टेन में अपना स्थान बनाये हुए है, जिस पर प्रभारी मंत्री ने जिला प्रशासन की सराहना की। वहीं पर्यटन, ओडीओपी, छात्रवृत्ति, युवा स्वरोजगार, श्रम सम्मान आदि की प्रगति संतोषजनक नहीं है, जिस पर सम्बंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये गए कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति में जल्द से जल्द सुधार किया जाए अन्यथा सम्बंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने विद्युत आपूर्ति की समीक्षा करते हुए जनप्रतिनिधियों ने बताया कि ग्रामीण इलाकों में रोस्टर के अनुसार आपूर्ति नहीं हो रही है, साथ ही किसानों का कनेक्शन काटने के बाद लाइन मैन द्वारा जोड़ने के लिए कई चक्कर लगवाये जाते हैं, यह स्थिति आपत्तिजनक है, जिस पर प्रभारी मंत्री अभियंताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि अधीनस्थों के कार्यों की कड़ी निगरानी करें, साथ ही ऐसे लापरवाह लाइनमैनों को निलंबित करें।

### फसल बीमा योजना के तहत 60 करोड़ का भुगतान किया

बैठक में जिलाधिकारी ने प्रभारी मंत्री को अवगत कराया कि जनपद के 16 सौ से अधिक मजरों को मुख्य मार्ग से जोड़ने का कार्य नये वर्ष पर शुरु किया गया है, साथ ही फसल बीमा योजना के तहत 60 करोड़ का भुगतान किया गया है, मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 501 लाभार्थियों व प्रधानमंत्री आवास योजना के 2256 लाभार्थियों को एक साथ पहली किश्त भेजी गई है। पंचायती राज विभाग के तहत 501 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी बनाये जाने हेतु कार्यवाही प्रचलित है, शहर की सड़कों का चौढ़ीकरण व सौन्दर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है। इस पर प्रभारी मंत्री ने पुनः जिलाधिकारी के कार्यों की प्रसंशा की।

### 2 फरवरी को वल्चर सेन्युरी का उद्घाटन किया जाएगा

डीएफओ ने बताया कि 2 फरवरी को जनपद में वल्चर सेन्युरी का उद्घाटन किया जाएगा, यह प्रदेश की पहली वल्चर सेन्चुरी होगी और भारत की दूसरी। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने कुछ प्रमुख जनशिकायतों से प्रभारी मंत्री को अवगत कराया, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में कम विद्युत आपूर्ति विजिलेंस टीम के द्वारा उपभोक्ताओं से अवैध वसूली, नहरों का पानी टेल तक न पहुंचने जैसी शिकायतें शामिल रहीं, जिस पर प्रभारी मंत्री ने सम्बंधित विभागों के अधिकारियों पर नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देश दिये कि वे स्वयं दफ्तरों से बाहर निकलें और ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर समस्याओं का निस्तारण करायें। किसानों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति व नहरों में पानी पहुंचाएं ताकि वे सिंचाई कर सकें। इसके साथ ही विजिलेंस के नाम पर किसी भी किसान का शोषण न हो।

### चेक बाउंस मामले में फैसला

# दोषी को एक साल की सजा और 20 लाख का अर्थदंड



**ललितपुर।** सिविल जज (जूनियर डिवीजन)/न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय ने चेक बाउंस के एक मामले में महत्वपूर्ण निर्णय सुनाते हुए अभियुक्त को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने अभियुक्त मोहित चौरसिया को धारा-138 एन.आई. एक्ट के तहत एक वर्ष के साधारण कारावास और 20 लाख रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

परिवादिनी कु.निकिता चौरसिया निवासी नदीपुरा ने न्यायालय में परिवाद दायर किया था कि अभियुक्त मोहित चौरसिया ने उन्हें प्लॉट दिलाने के नाम पर कुल 16 लाख रुपये (10 लाख नकद और 6 लाख बैंक ट्रांसफर के माध्यम से) लिए थे। प्लॉट की रजिस्ट्री न होने और धनराशि वापस मांगने पर अभियुक्त ने 8-8 लाख रुपये के दो चेक (पंजाब नेशनल बैंक) जारी किए थे। जब परिवादिनी ने इन चेकों को बैंक में लगाया, तो वे डिसओनर (बाउंस) हो गए। न्यायाधीश देवप्रिय सारस्वत ने मामले की गंभीरता और साक्ष्यों को देखते हुए अभियुक्त मोहित चौरसिया को दोषी पाया। अदालत ने अपने आदेश में निम्नलिखित दंड निर्धारित किए। सजा, एक वर्ष का साधारण कारावास। जुर्माना 20 लाख रुपये (बीस लाख रुपये) का अर्थदण्ड। प्रतिकर (मुआवजा), अर्थदण्ड की राशि में से 19 लाख रुपये परिवादिनी को बतौर मुआवजा दिए जाएंगे। अतिरिक्त प्रावधान, जुर्माना न भरने की स्थिति में अभियुक्त को 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया कि अभियुक्त द्वारा पूर्व में अदा की गई 3,20,000 रुपये की राशि को इस अर्थदण्ड में समायोजित किया जाएगा। साथ ही, यदि अभियुक्त ने इस मामले के दौरान पहले जेल में कोई समय बिताया है, तो उसे मुख्य सजा की अवधि में घटाया जाएगा।

### अधिवक्ता ने कहा

मामले पर टिप्पणी करते हुए अधिवक्ता अनुराग सिंह लोधी ने कहा कि न्याय में देरी हो सकती है, पर न्याय मिलता जरूर है। 2018 से चली आ रही इस कानूनी लड़ाई का अंत अभियुक्त की दोषसिद्धि के साथ हुआ है। 20 लाख रुपये का अर्थदण्ड उन लोगों के लिए सबक है जो दूसरों की मेहनत की गाढ़ी कमाई हड़पने की कोशिश करते हैं। हम इस फैसले से पूर्णतः संतुष्ट हैं।

### शव सुपुर्दगी पर प्रशासन-परिजनों में तल्खी

# जेल में सजा काट रहे बुजुर्ग बंदी की इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



जिला जेल में सात साल की कठोर कारावास की सजा काट रहे 63 वर्षीय बंदी मुन्ना सोनी उर्फ रामेश्वर की कानपुर के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। हालांकि, मौत के बाद शव को परिजनों को सौंपने की प्रक्रिया को लेकर विवाद खड़ा हो गया है।

परिजनों का तर्क है कि जेल प्रशासन की जिम्मेदारी शव को ससम्मान उनके गृह जनपद (ललितपुर) लाकर सौंपने की है, जबकि प्रशासन उन्हें कानपुर से ही शव ले जाने को कह रहा है। कोतवाली सदर के तालाबपुरा निवासी मुन्ना सोनी की तबीयत 23 जनवरी को अचानक बिगड़ गई थी। जेल प्रशासन के अनुसार, सबसे पहले उन्हें जिला चिकित्सालय, ललितपुर ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर उन्हें झांसी मेडिकल कॉलेज और फिर कानपुर के हृदय रोग संस्थान (एल.पी.एस.) रेफर किया गया। 24 जनवरी की रात करीब 11 बजे कानपुर पहुँचने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के पुत्र पवन सोनी इलाज के दौरान साथ थे, लेकिन परिवार का कहना है कि एक सजायाफ्ता बंदी की मृत्यु की स्थिति में जेल मैनुअल के अनुसार शव को वापस लाने की व्यवस्था प्रशासन को करनी चाहिए। उनके परिवार में दो पुत्र और दो पुत्रियां हैं। उनके पुत्र पवन सोनी फिलहाल कानपुर में ही मौजूद हैं और शव को ललितपुर लाने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ललितपुर के पैनल अधिवक्ता पुष्पेन्द्र सिंह चौहान कहते हैं कि उत्तर प्रदेश जेल मैनुअल और मानवाधिकार आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार, जेल में बंदी की मृत्यु होने पर शव को परिजनों तक पहुंचाने और उसके अंतिम संस्कार से जुड़े स्पष्ट नियम हैं।

# बाइक सवार युवक को रास्ते में रोककर मारपीट की

**ललितपुर।** नेहरू नगर में रहने वाले सुनील बाल्मीकि पुत्र घासीराम ने कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायती पत्र दिया है। पत्र में सुनील ने पुलिस को अवगत कराया कि 24 जनवरी की दोपहर करीब 12 बजे उसका पुत्र देव बाल्मीकि मोटर साइकिल से स्टेशन होते हुये तुवन चौराहा से बस स्टेण्ड जा रहा था। तभी रास्ते में जीआईसी के पास सिद्धंन रोड स्थित आईटीआई कॉलोनी में रहने वाले शिवा कुशवाहा, शिवम कुशवाहा पुत्रगण बल्लू कुशवाहा, छुट्टन करौसिया पुत्र प्रमोद कुमार मिले। उक्त लोगों ने देव की मोटर साइकिल रोकी और गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मोटर साइकिल को गिरा दिया और लात-घूसों से मारपीट कर दी। हाथ में लिये लोहे की रॉड से हमला करने पर उसके होंठ व नाक में चोटें आयीं। आरोप है कि देव बाल्मीकि अगले दिन फिर सदनशाह की ओर काम से गया था तो शाम करीब 6 बजे उक्त लोगों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करते हुये गालियां दीं और मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर विवेचना शुरू कर दी।

### शराब पीकर उपद्रव करने से मना करने पर मारपीट

कोतवाली महरौनी ग्राम कुम्हैड़ी निवासी कैलाश पुत्र लक्ष्मन ने पुलिस को बताया कि उसे तीन- चार वर्ष पहले लकवा हो गया था, जिसकी दवाईयां आज भी चलती हैं। बताया कि ग्राम खिरिया भारन्जू निवासी राजेन्द्र सिंह पुत्र किशोर सिंह, कुम्हैड़ी निवासी सोनू राव व बोरे पुत्रगण संतोष व धर्मदास सभी लोग आये दिन उसकी चक्की के पास आये और पुलिया पर बैठकर शराब पीते हैं और शराब के नशे में शोर-शराबा करते हुये बात-विवाद करते हैं। 23 जनवरी को शाम 7.30 बजे जब उक्त लोगों को शराब पीने व शोर-शराबा करने से रोका तो उक्त लोगों ने दबंगई करते हुये उसके साथ मारपीट कर दी। इसी बात से क्षुब्ध होकर रात करीब 11 बजे उक्त लोगों ने उसके घर में आकर गालियां दीं और मारपीट पर आमादा हो गये। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

### श्रम व रोजगार मंत्रालय की योजनाएं

# योजनाओं का लाभ उठाने के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

**ललितपुर।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं के सम्बन्ध में उप श्रमायुक्त राज्य सामाजिक सुरक्षा बोर्ड के पत्र 14 जनवरी 2026 द्वारा अंसगठित क्षेत्र के कर्मकारों को योजनाओं में अधिक से अधिक पंजीयन कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

इनमें प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन पेंशन योजना के तहत असंगठिक क्षेत्र के सभी कर्मकार जैसे दैनिक राजमिस्त्री, मजदूर (रेजा) दुकानों/कारखानों में लगे कर्मचारी (जो ई.पी.एफ. व ई.एस.आई.सी. के सदस्य न हो) रेहढ़ी, पटरी, ढाला, फेरी लगाने वाले, ई-रिक्शा, ऑटो, कार ड्राईवर, छोटे किसान, सब्जी बेचने वाले, लकड़ी का काम करने वाले, हथौड़ा चलाने वाले, शटरिंग वाले, बैण्ड वाले, लाइट फिटिंग करने वाले (इलेक्ट्रीशियन), डी.जे. वाले, रोड लाइट वाले सभी प्रकार के कर्मकार जिनकी आयु 18 वर्ष से 40 वर्ष के मध्य है, आवेदन कर सकते है। योजना में योगदान की राशि प्रवेश के समय आयु पर निर्भर है श्रमिक को 18 से 40 वर्ष की आयु तक 55 रूपये प्रतिमाह से अधिकतम 200 रूपये प्रतिमाह का योगदान करना होगा। सभी कर्मकार प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन पेंशन योजना लाभ उठाने के लिये तत्काल अपने आवेदन बोर्ड की बेवसाइट एवं जन सुविधा केन्द्र पर जाकर या कार्यालय सहायक श्रम आयुक्त ललितपुर में आंनलाइन करा सकते है तथा 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर लाभार्थी को प्रतिमाह 3 हजार रुपये की न्यूनतम सुनिश्चित पेंशन पा सकते है। इसके अलावा राष्ट्रीय पेंशन योजना-ट्रेडर्स में सभी प्रकार के लघु व्यापारी/दुकानदार जिनका वार्षिक टर्नओवर 1.5 करोड़ (डेड़ करोड़) तक या इससे कम वाले सभी व्यापारी, दुकानदार, जिनका आयु 18 वर्ष से 40 वर्ष की अवधि तक आवेदन कर सकते है। योजना में योगदान की राशि प्रवेश के समय आयु पर निर्भर है श्रमिक को 18 से 40 वर्ष की आयु तक 55 रूपये प्रतिमाह से अधिकतम 200 रूपये प्रतिमाह का योगदान करना होगा। सभी कर्मकार प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन पेंशन योजना लाभ उठाने के लिये तत्काल अपने आवेदन बोर्ड की बेवसाइट उंदकींदणपद एवं जन सुविधा केन्द्र पर जाकर या कार्यालय सहायक श्रम आयुक्त ललितपुर में आंनलाइन करा सकते है तथा 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर लाभार्थी को प्रतिमाह 3 हजार रुपये की न्यूनतम सुनिश्चित पेंशन पा सकते है।

# भोपाल-विदिशा हाईवे पर टला हादसा, कमानी टूटने से भूसे से भरा ट्रक पलटने से बचा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

भोपाल–विदिशा स्टेट हाईवे-18 के सलामतपुर में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब भूसे से भरा हुआ एक ओवरलोड ट्रक कमानी टूटने से अनियंत्रित होकर सड़क के नीच एक तरफ झुक गया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई और चालक सहित आसपास मौजूद लोग सुरक्षित रहे।

■ सलामतपुर में शनिवार देर की घटना, यातायात हो रहा है प्रभावित

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार देर रात कस्बे में भूसा लेकर भोपाल की ओर जा रहा ओवरलोड आयशर ट्रक कमानी टूटने और टायर फटने के बाद संतुलन बिगड़ने से सड़क के नीचे की और झुक गया। ड्रायवर क्लीनर ने समय रहते खुद को बचा लिया। वहीं ट्रक को बल्लियों के सहारे रोक कर पलटने से बचाया गया है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि स्टेट हाईवे-18 पर प्रतिदिन सैकड़ों ओवरलोड भूसे से भरे वाहन गुजरते हैं, जो हादसों को दावत देते हैं। पहले भी इस मार्ग पर ओवरलोड वाहनों के कारण कई गंभीर दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

### राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कल्याण सिंह सभागार रामनगर में हुआ आयोजन, बताए अधिकार

# बेटियों की सुरक्षा शिक्षा देने तक नहीं है, अधिकार की रक्षा भी आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

कल्याण सिंह सभागार में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीएमओ ने बताया कि समाज में लड़कियों के सामने आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डालने के लिये हर साल 24 जनवरी के दिन राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। बेटियों की सुरक्षा केवल उन्हें शिक्षा देने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके जन्म के अधिकार की रक्षा करना भी अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा पी.सी.पी.एन.डी.टी. अधिनियम लागू किया गया है।

पी.सी. पी.एन.डी.टी. का पूरा नाम प्री कन्सेप्सन एण्ड पी नेटल डायग्नोस्टिक टेक्नीक एक्ट है, जिसे हिंदी में गर्भधारण-पूर्व एवं प्रसव-पूर्व निदान तकनीक अधिनियम कहा जाता है। इस कानून का मुख्य उद्देश्य जन्म से पूर्व लिंग चयन और लिंग परीक्षण पर पूर्ण प्रतिबंध लगाकर कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराई को समाप्त करना है। नोडल अधिकारी पी.सी. पी.एन.डी.टी. एवं उप सीएमओ डा.अवधेशचन्द्र यादव ने बताया कि पी.सी. पी.एन.डी.टी. एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस द्वारा डेकॉय (मुखबिर योजना) ऑपरेशन संचालित किए जाते है। सफल डेकॉय ऑपरेशन करवाने पर मुखबिर को 60 हजार रुपये मिथ्या ग्राहक को 1 लाख रुपये तथा मिथ्या ग्राहक सहायक को 40 हजार रुपये की धनराशि पुरस्कार के रूप में 03 किश्तों में दावा करने पर अनुमन्य की जाती है। इन ऑपरेशनों के तहत संदिग्ध क्लीनिकों पर कार्रवाई कर अल्ट्रासाउंड मशीनें सील की जाती हैं तथा दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाती है। उन्होंने जनमानस से अपील की कि यदि कहीं भी लिंग जांच या पी.सी. पी.एन.डी.टी. अधिनियम के उल्लंघन की सूचना मिले, तो तुरंत संबंधित विभाग को अवगत कराएं। कन्या भ्रूण हत्या मानवता के विरुद्ध अपराध है और इसके उन्मूलन में समाज की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट ने राष्ट्रीय बालिका दिवस एवं गर्भधारण-पूर्व एवं प्रसव-पूर्व निदान तकनीक अधिनियम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 के लिए राष्ट्रीय बालिका दिवस की थीम प्रत्येक बेटी को सशक्त बनाना, एक मजबूत भारत का निर्माण करना है। उक्त अधिनियम के अंतर्गत गर्भधारण से पहले अथवा गर्भावस्था के दौरान बच्चे का लिंग जानना या बताना गंभीर अपराध है। यदि कोई डॉक्टर, अल्ट्रासाउंड सेंटर या व्यक्ति इस अपराध में संलिप्त पाया जाता है, तो कारावास, जुर्माना तथा क्लीनिक का पंजीकरण रद्द या निलंबित किया जा सकता है। इन प्रयासों के सकारात्मक परिणामस्वरूप कई राज्यों में लिंग अनुपात में सुधार देखा गया है। बैठक में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, जिलाध्यक्ष भाजपा हरीशचन्द्र रावत, जिला पंचायत अध्यक्षा सोनाली जैन, राज्यमंत्री प्रतिनिधि चन्द्रशेखर पंथ, एमएलसी प्रतिनिधि अतुल निरंजन व केदारनाथ तिवारी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक के पूर्व प्रभारी मंत्री ने शहजाद नदी के पुल, नेहरु महाविद्यालय की ओर बड़ी नहर की पुलिया एवं कैलगुवॉ ऑबरब्रिज का मौके पर जाकर निरीक्षण किया और अभियंताओं को गुणवत्तापूर्ण कार्य करते हुए जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अंकुर श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव, सीएमओ, प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज, पी डी डीआरडीए, डीडीओ, डीसी मनरेगा, लोक निर्माण विभाग, जल निगम, जल संस्थान, सिंचाई, ग्रामीण अभियंत्रण एवं अन्य कार्यदायी विभागों के अधिशासी अभियंता, शिक्षा, कृषि, समाज कल्याण, महिला कल्याण, सूचना व अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# छिपाई गांव के दो पक्षों में मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

थाना जखौरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम छिपाई निवासी धुरव सिंह पुत्र निरभान सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि 23 जनवरी की रात करीब साढ़े नौ बजे वह अपने भाई रोहित सिंह के साथ घर के दरबाजे पर बैठे थे। तभी गांव के बलवीर सिंह, विक्रम सिंह पुत्रगण गबीरन सिंह, सोहन सिंह पुत्र शिवराज सिंह, रश्मिी पत्नी बलवीर सिंह एकराय होकर आये और गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट करते हुये धमकाया। आरोप है कि बचाव करने आयी उसकी पत्नी बड़ी राजा व पुत्री सिद्धि राजा के साथ भी मारपीट की। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इधर दूसरे पक्ष की ओर से बलवीर पुत्र गबीरन सिंह ने बताया कि वह घर के बाहर पेशाब कर रहा था, तभी रोहित, धुरवसिंह व दुर्जन सिंह पुत्रगण निरभान सिंह, बड़ी राजा एकराय होकर आये और उसकी पत्नी रश्मि के जेवर को लेकर गालियां देते हुये मारपीट करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने माता-पिता के साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने बलवीर सिंह की शिकायत पर उक्त लोगों के खिलाफ भी मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### थाना जखौरा की साइबर क्राइम सेल ने चलाया

# साइबर बुलिंग, स्टॉकिंग, फिसिंग, स्लेबरी की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में थाना जखौरा की साइबर क्राइम सेल पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र में आमजन-मानस को साइबर क्राइम के प्रति जागरुक कर इससे बचाव हेतु उपाय बताया।

जागरुकता कार्यक्रम के दौरान साइबर बुलिंग, स्टॉकिंग, फिसिंग, स्लेबरी, आईडेन्टिटी थेफ्ट आदि के विषय में विस्तृत रुप से जानकारी देकर साइबर अपराध से बचाव के सम्बंध में बताया गया, जिसमें डीप फेक, एआई, डिजिटल अरेस्ट आदि के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें तथा प्लेस्टोर/आईओएस से जेनुइन ऐन से ही डाउनलोड करें, इनके अतिरिक्त किसी अन्य प्लेटफॉर्म से कोई एप्लीकेशन या ऐप डाउनलोड न करें। किसी अनजान व्यक्ति से अपनी बैंकिंग सम्बंधी कोई भी डिटेल शेयर न करें तथा ओटीपी आदि मांगने पर न दें। सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते। किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने बिना उसे शेयर न करें, अनजान लोगो की फ्रैन्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें तथा सिक्योरिटी फीचर हमेशा ऑन रखें। कॉल पर किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए ऑफर, लालच या धमकी पर विश्वास न करें। सभी प्रकार के इलेक्ट्रानिक उपकरण, सभी डिजिटल अकाउंट का स्ट्रांग पासवर्ड बनाएं तथा टू-स्टेप ऑथेंटिकेशन की सेटिंग अनिवार्य रुप से ऑन रखें। साइबर फ्रॉड होने पर तत्काल अपनी शिकायत साइबर हेल्प लाइन नं0 1930, एनसीसीआरपी पोर्टल पर शिकायत रजिस्टर्ड करने या बेवसाइड पर अपनी शिकायत रजिस्टर्ड करायें अथवा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अपने निकटतम थाने या डायल-112 पर सूचना दें, जिससे कि वित्तीय धोखाधड़ी होने पर साइबर क्राइम के गोल्डन ऑवर में सम्बन्धित को जानकारी दें।

## स्कूली बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रमों की देंगे रंगारंग प्रस्तुति, वन परिसर में होगा भारत पर्व का आयोजन

# हर्षोल्लास से मनाया जाएगा आजादी का 77वां पर्व, प्रभारी मंत्री करेंगे ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

आज सोमवार को जिलेभर में हर्ष और उत्साह के साथ आजादी का 77वां पर्व मनाया जाएगा। शहर के सागर रोड स्थित शासकीय गर्ल्स स्कूल परिसर में आयोजित मुख्य समारोह में जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार सुबह 9 बजे ध्वजारोहरण करेंगे तथा 9.05 बजे राष्ट्रधुन एवं सलामी ली जाएगी।



इसके पश्चात प्रातः 9.07 बजे मुख्य अतिथि द्वारा परेड का निरीक्षण किया जाएगा। प्रातः 9.15 बजे मुख्य अतिथि द्वारा गुब्बारे छोड़े जाएंगे तथा प्रातः 9.16 बजे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संदेश का वाचन किया जाएगा।

प्रातः 9.40 बजे हर्ष फायर एवं प्रातः 9.45 बजे मार्च पास्ट किया जाएगा। प्रातः 9.55 बजे मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री श्री पंवार परेड कमांडर्स से परिचय प्राप्त करेंगे तथा प्रातः 10 बजे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान किया जाएगा। प्रातः 10.05 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रातः 10.25 बजे से झांकी का प्रदर्शन होगा तथा प्रातः 10.45 बजे पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। वहीं ब्लॉक व तहसील स्तर पर भी कार्यक्रम होंगे।

### रायसेन वन परिसर में होगा भारत पर्व का आयोजन

गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को रायसेन स्थित वन परिसर में शाम 07 बजे से भारत पर्व का आयोजन किया गया है। जिसमें सुप्रसिद्ध कलाकारों तथा बच्चों द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी।



फोटो : सोनू कुशवाह

#### पक्षी प्रेमियों का ध्यान कर रही आकर्षित

## शीत ऋतु में नदी-तालाबों में बढ़ी साइबेरियन पक्षियों की हलचल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शीत ऋतु के आगमन के साथ ही क्षेत्र की नदियों, झीलों और तालाबों में साइबेरियन पक्षियों की चहल कदमी बढ़ गई है। दूर-दराज़ के ठंडे इलाकों-साइबेरिया और मध्य एशिया से लंबी उड़ान भरकर ये प्रवासी पक्षी गर्म जलवायु और पर्याप्त भोजन की तलाश में यहां पहुंचते हैं।

सुबह व शाम के समय जलाशयों के आसपास इन पक्षियों के झुंड देखे जा सकते हैं। साइबेरियन क्रेन, पेलिकन, बार-हेडेड गूज़ और विभिन्न प्रजातियों की बतखें स्थानीय लोगों और पक्षी प्रेमियों का ध्यान आकर्षित कर रही हैं।

हर साल की तरह इस बार भी साइबेरियन पक्षियों की आमद से इलाके की रौनक बढ़ गई है, और यह दृश्य शीत ऋतु की पहचान बनता जा रहा है।

**»** **सुबह व शाम के समय जलाशयों के आसपास इन पक्षियों के झुंड देखे जा सकते हैं**

### सर्दी का मौसम इन पक्षियों को रहता है अनुकूल वातावरण

विशेषज्ञों के अनुसार, स्वच्छ जल और शांत वातावरण प्रवासी पक्षियों के ठहराव के लिए अनुकूल होता है। वन विभाग ने पक्षियों की सुरक्षा को लेकर निगरानी बढ़ा दी है और स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि वे शिकार या किसी भी तरह की छेड़छाड़ से बचें। पक्षी प्रेमियों का कहना है कि यह प्राकृतिक सौंदर्य और जैव विविधता के लिए सकारात्मक संकेत है।

### खबर संक्षेप

#### श्रीमद भागवत कथा से पूर्व निकाली कलश यात्रा



**दीवानगंज।** सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाली पंचायत जमुनिया के गांव कयामपुर में रविवार को श्रीमद् भागवत कथा से पहले भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में छोटी-छोटी कन्याएं, माता, बहने और श्रद्धालु सम्मिलित हुए। कलश यात्रा श्रीराम, राधा-कृष्ण, श्री हनुमान मंदिर से कालीटोल मैया, सिद्ध बाबा, ठाकुर बाबा और ग्वाल बाबा, भैरो बाबा, गांव के मुख्य मार्ग से होते हुए कथा स्थल पर पहुंची। कथा स्थल पर कथा वाचक आनंद कृष्ण शास्त्री ने बताया कि मानव जीवन का उद्देश्य केवल भौतिक सुखों की प्राप्ति नहीं, बल्कि आत्मज्ञान और वैराग्य के माध्यम से भगवान की भक्ति की ओर अग्रसर होना है। ज्ञान मनुष्य को सत्य का बोध कराता है, जबकि वैराग्य संसार के मोह–माया से मुक्त होने का मार्ग दिखाता है। जब ज्ञान और वैराग्य दोनों साथ होते हैं, तभी भक्ति सुदृढ़ होती है और व्यक्ति जीवन के दुख–सुख से ऊपर उठकर ईश्वर की शरण में जाता है।

#### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर दिलाई मतदान की शपथ

**दीवानगंज।** रविवार को मतदाता दिवस पर लोकतंत्र मजबूत करने का संकल्प राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों, पंचायत कार्यालयों और शासकीय संस्थानों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। इस दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर मतदान करने की शपथ दिलाई गई। शपथ में हम, भारत के नागरिक लोकतन्त्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष चुनाव की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

### खाद विक्रय केंद्रों पर सन्नाटा, जहां स्लॉट बुकिंग वहां यूरिया खाद नहीं

# खाद के लिए ई-टोकन किसानों की मुसीबत बना, स्लॉट बुकिंग-फार्मर आईडी में अड़चन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में यूरिया खाद वितरण के लिए लागू की गई ई-टोकन और स्लॉट बुकिंग व्यवस्था किसानों के लिए सिरदर्द बनती जा रही है। खेतों में रबी सीजन की गेहूं, चना, मटर और मसूर सरसों की फसल खड़ी है, लेकिन समय पर यूरिया खाद न मिलने से किसान परेशान और नाराज नजर आ रहे हैं। हालात यह हैं कि जहां स्लॉट बुकिंग हो रही है, वहां यूरिया नहीं और जहां यूरिया-खाद उपलब्ध है, तो वहां स्लॉट बुकिंग की सुविधा नहीं।

किसानों का कहना है कि खाद लेने के लिए फार्मर आईडी अनिवार्य कर दी गई है। लेकिन बड़ी संख्या में किसानों की आईडी में तकनीकी खामियां हैं। किसी का मोबाइल नंबर लिंक नहीं तो किसी की आईडी अपडेट नहीं, किसी को स्लॉट बुकिंग का मैसेज ही नहीं मिल रहा। इन तमाम समस्याओं के चलते किसान दिनभर खाद विक्रय केंद्रों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

#### ई-टोकन से मिले राहत

किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि ई-टोकन व्यवस्था को सरल बनाया जाए और जब तक सिस्टम पूरी तरह सुचारु न हो, तब तक सीधे खाद वितरण की व्यवस्था की जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके।



#### खाद विक्रय केंद्रों पर पसरा सन्नाटा किसान हो रहे परेशान

जिले के कई कृषक सेवा सहकारी समितियों और निजी खाद विक्रय केंद्रों पर यूरिया खाद की मांग के बावजूद सन्नाटा पसरा हुआ है। विक्रेताओं का कहना है कि बिना स्लॉट और ई-टोकन के खाद देने की अनुमति नहीं है। इससे न सिर्फ किसान खाली हाथ लौट रहे हैं, बल्कि वितरण व्यवस्था भी ठप होती नजर आ रही है।

#### खेत में खड़ी फसलें किसानों की बढ़ी चिंता

इस समय रबी सीजन की फसलों में यूरिया खाद की अत्यधिक आवश्यकता है। समय पर खाद नहीं मिलने से फसल की बढ़वार प्रभावित होने का डर किसानों को सता रहा है।

#### ई-टोकन बुकिंग के लिए दो घंटे का समय किया निर्धारित

